Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida
Phone: 0120-2534064, 2538533 / Email: bbpsnd@balbharati.org
Website: http://bbpsnoida.balbharati.org / Affiliation NO: 2130422

भारतीय भाषा उत्सव - एक उत्तम पहल

" भाषाएँ अनेक भाव एक " को दर्शाते हुए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 दिसंबर 2023 को महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया गया । भारतीय भाषा उत्सव भाषा विविधता की सुंदरता का आनंद लेने और उस विविधता में एकता की भावना का अनुभव करने के लिए एक भाषा महोत्सव है। हमारे बाल भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा में भी विद्यार्थियों की विविध भाषाओं के प्रति ज्ञान व रुचि जागृत करने हेतु विद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया । विद्यालय में इस उत्सव का आयोजन 28 सितंबर 2023 से 11 दिसंबर 2023 तक हुआ । विद्यालय में यह उत्सव ग्यारह सप्ताह तक आयोजित हुआ जिसमें कक्षा तीन से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी विशेष प्रतिभा दर्शायी । अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को हिंदी, संस्कृत, मैथिली, ब्रज, पंजाबी, बंगाली, मराठी आदि भारतीय भाषाओं में विविध गतिविधियों के माध्यम से सुप्रसिद्ध लेखकों, कवियों, महापुरुषों, वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों व संगीतकारों आदि के जीवन परिचय व उपलब्धियों के विषय में जानकारी प्रदान की गई । विद्यार्थियों ने भी इस भाषा उत्सव में पूर्ण उत्साह प्रदर्शित करते हुए विविध भाषाओं में प्रभावशाली प्रस्तुति दी ।

अनेक भाषा अनेक भाव

नवकृति : कहानी से काव्य का सृजन

विविधता में एकता का प्रदर्शन करते छात्र

बांग्ला भाषा में खिलाड़ी 'धोनी' का परिचय

Video link - https://photos.app.goo.gl/ot3RNtEmurZCSRN